# ठंड से ठिठुर रहे लोग, अलाव का नहीं मिल रहा सहारा

## नपा का दावा पांच स्थानों पर डाल रहे लकड़ियां, लेकिन उन्हीं स्थानों पर जल रही पॉलीथिन एवं कचरा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में शीतलहर और कोहरे ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है, तो वहीं कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। वहीं ठंड में झुग्गी और रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले लोगों के लिए अलाव ही सहारा है लेकिन अलाव नहीं मिलने से लोग खुले आसमान के नीचे ठिठुरने को मजबूर हैं और कचरा पन्नी बीनकर आग से हाथ सेकते हुए नजर आते है। उल्लेखनीय है कि ठंड का प्रकोप बढ़ते देख अलाव की व्यवस्था करने के प्रशासन ने निर्देश दिए हैं लेकिन अधिकांश इलाकों में अभी भी अलाव की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग ठिठुरने को मजबूर हैं। तो वहीं ठंड की ठिठुरन से बचने के लिए लोग कचरा, पानी, कूडा करकट एकत्रित कर हाथ सेंकते हुए नजर आते है।



### नपा का दावा 5 स्थानों पर जलाए जा रहे अलाव

जिले में शीतलहर का दौर जारी है, जिसके चलते नये वर्ष के आगाज के साथ ही सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। लेकिन जहां एक ओर सर्दी अपने पूर सबाब पर होने की बजह से लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते हुए नजर आते है, लेकिन शहर में चुनिंदा स्थानों पर नगरपालिका द्वारा लकड़िया डाली जा रही है। जहां अलाव जलाए जा रहे है, लेकिन इन्ही अलावों की हकीकत यहा के लोग बताते है हुए कहते है कि जो नपा द्वारा लकड़िया डाली जा रही है, वह 8 से 10 लकड़ी डाली जाती है, वह कुछ समय तक ही जलती है, अन्य समय के लिए लोगों को फलों की खाली लकड़ी की पेटी, कार्टून, कूडा, कचरा और पॉलीथिन जलाकर आग जलाने को मजबूर होना पड़ता है।

**इनका कहना है।**

*नपा द्वारा अलाव जलाये जा रहे है, जिनमें मुख्यत: स्टेशन, बस स्टेण्ड, शनि मंदिर, गांधी पार्क और इंद्रा पार्क शामिल है। इन स्थानों पर रातभर जलाने के लिए लकड़ी डाली जाती है, कितनी डाली जाती है यह देखना पड़ेगा। वहीं अन्य स्थानों के लिए थाना प्रभारियों से चर्चा कर जगह चिन्हित की जाएगी।*

**विनोद उन्नीतान, सीएमओ नगरपालिका अशोकनगर।**



# सर्दी का सितम जारी, नहीं जल रहे अलाव, लोग परेशान

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** नए साल साल के आगमन के साथ-साथ दूसरे दिन से ही कंपकंपाने वाली ठंड ने दस्तक दी है। दो जनवरी से सूर्य देवता ने दर्शन नहीं दिए हैं उत्तर से आ रही सर्द हवाओं से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की है जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विज्ञान ने इस वर्ष पिछले कई वर्षों के रिकार्ड टूटने की संभावना जताई है। इसी कड़ाके की ठंड और शीत लहर को देखते हुए आम जन ने नगरपालिका परिषद से शहर की मुख्य चौराहे और सदर बाजार नए बस स्टैंड आदि मुख्य जगह अलाव के जलाऊ लकड़ी डलवाने का अनुरोध मुख्य नगर पालिका अधिकारी से किया है। पिछले दो-तीन दिनों से पर गिरने और 9 के कारण यात्रियों की बड़ी हुई आवाजाही को देखते हुए बस्ती के प्रबुद्धजनों ने यह पहल की है। जिससे अलाव जलनें पर बस स्टैंड प्रमुख बाजार और प्रमुख मार्ग पर ठंड से राहत मिल सके। वैसे भी चंदेरी में नये बस स्टैंड पर 4 जनवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में सनातनी लोगों के आने की संभावना है। जिसके मद्देनजर नगरपालिका परिषद चंदेरी से मांग की गई है अलाव के लिए नये बस स्टैंड और मुख्य चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की जावे। जिससे ठंड से बचाव किया जा सके।

**इनका कहना है।**

*हम नगरपालिका परिषद चंदेरी से मुख्य मार्गों चौराहे पर हर साल की तरह अलाव की व्यवस्था करने में मजबूर हैं। जलाऊ लकड़ी वनविभाग से लेना पड़ती है वहां पर भी लकड़ी उपलब्ध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश है कि अलाव के लिए आप जंगल की लकड़ी के अलाव नहीं जला सकते हैं। फिर भी विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित होने पर सम्मेलन में जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था परिषद ने की है। हमें भी अहसास है कि सर्दी बहुत बढ़ गई है पर अलाव की जगह हीटर विकल्प है उस पर विचार किया जा रहा है।*

**प्रदीप शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंदेरी**

## एक नजर में

### कुल्हाड़ी मारकर किया घायल

**अशोकनगर।** सेहराई थाना अंतर्गत ग्राम कर्राडोगर में एक व्यक्ति से गांव के ही तीन लोगों ने मारपीट करते हुए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तिलक सिंह पुत्र बलदेव आदिवासी निवासी कर्राडोंगरा से गांव के ही कृष्णपाल,रामकिशोर और जोतिराव आदिवासी ने पहले गाली गलौच की और उसके बाद मारपीट करते हुए कुल्हाड़ी मार दी, जिसमें वह घायल हो गया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर तीनों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीवद्ध किया है।

### वृद्ध को दांत से काटकर दी धमकी

**अशोकनगर।** मुंगावली थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी भोपाल में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट करते हुए उसे दांतों से काटकर घायल कर दिया है। जिसकी शिकायत बुजुर्ग द्वारा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छोटी भोपाल निवासी बलवान सिंह राजपूत के साथ महेंद्र सिंह राजपूत ने गाली-गलौच करते उससे मारपीट की, इसके साथ ही दांतो से काटकर उसको जख्म पहुंचाए है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

### ताश के पत्तों के साथ आधा दर्जन गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा के निर्देशन में लगातार जुआ, सट्टा और अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रहीं है। इसी कड़ी में विगत रोज पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से आधा दर्जन जुआरियों को तास के पत्तों के साथ हार जीत का दांव लगाते हुए गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई शाढ़ौरा पुलिस ने की है, जिसमें शाढ़ौरा पुलिस ने मढ़ीकानून गो के नाले के पास संतोष लोधी, लखन कुशवाह और धमेंद्र अहिरवार को जुआ खेलते हुए पकड़ा। इसके साथ ही पुलिस ने इनसे ताश के 52 पत्तो से करीब 1600 रूपये जब्त किये है। इसी तरह चंदेरी पुलिस ने विक्रमपुर में पुराने स्कूल सामने से तीन लोगों ताश पर हार जीत का दांव लगाते हुए पकड़ा है। जिनमें शीलचंद अहिरवार, राधेश्याम शर्मा, करन आदिवासी शामिल है। पुलिस ने इन तीनों से ताश की गिड्डी सहित करीब 4400 रूपये जब्त किये है।

### शराब पीते पुलिस ने पकड़ा

**अशोकनगर।** पुलिस द्वारा लगातार सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रहीं है। इसी कड़ी में कचनार पुलिस द्वारा एक कार्रवाई की गई, जिसमें पुलिस ने एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए पकड़ा। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम महुआलमपुर के सरकारी कुआ के पास रंजी पुत्र अमर सिंह अहिरवार शराब का सेवन कर रहा था, जिसे पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर नशा करते हुए पकड़ा है। पुलिस ने उक्त व्यक्ति पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### शहर में इन स्थानों पर रहेगी 7 घंटे कटौती

**अशोकनगर।** शहर में विद्युत कार्य के चलते करीब 7 घंटे बिजली की कटौती की जाएगी, जिससे कई क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था प्रभावित होगी। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार, 33/11 केवी अशोकनगर उपकेन्द्र से संबंधित फीडर पर केबल क्षमता वृद्धि और प्रतिस्थापन कार्य किया जाएगा। यह कार्य केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत होगा। इसके चलते सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मेन बाजार फीडर से जुड़े क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में सुभाष गंज, प्रदीप कटपीस, मेन सराफा बाजार, रामलीला मंच और आसपास के स्थानीय क्षेत्र शामिल हैं। कंपनी ने बताया कि विद्युत प्रदाय बंद या चालू करने का समय आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

# जड़ माहू लगने से गेहूं,मसूर में लगा पीलिया रोग

## किसानों ने कृषि अधिकारियों को कराया अवगत, खेतों में पहुंचे अधिकारी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में रवि सीजन की फसलें प्रगति पर है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में इन फसलों में पीलिया रोग देखने को मिला रहा है। जिसकी जानकारी एवं शिकायतें कृषि अधिकारी एवं विज्ञानिकों के पास पहुंच रही है। तो वहीं फसलों में पीलिया रोग लगने की जानकारी मिलने के बाद कृषि विज्ञानिकों और कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा उक्त गांवो का भ्रमण कर खेतों का निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि गेहूं में जड़ माहू नामक रोग लगा है, तो वहीं मसूर में पोषक तत्व की कमी मिली। जिसके बाद अधिकारियों द्वारा किसानों को दवा छिड़काव करने का सलाह दी है।



दरअसल मुंगावली विकासखंड के ग्राम चिरोली एवं ग्राम सेहराई के कुछ कृषकों के द्वारा गेहूं एवं मसूर में पीलेपन की समस्या के बारे में अवगत कराया गया था। शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ बीएस गुप्ता, वैज्ञानिक डॉ केके यादव कृषि विभाग के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक डॉ बैजनाथ सिंह यादव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी प्रदीप कुमार गर्ग, कृषि विस्तार अधिकारी वंदना अलावे एवं राजेंद्र भूरिया के साथ डायग्नोस्टिक टीम ने उक्त ग्रामों का भ्रमण कर कृषकों से संपर्क किया एवं उनके खेतों पर जाकर फसलों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पाया गया कि गेहूं में कुछ जगहों पर जड़ माहू देखने को मिला। कुछ जगहों पर पोषक तत्व कमी के वजह से फसलों की बढ़वार रुकी हुई है और पीलापन है। मसूर की फसल में कॉलर रॉट एवं फ्यूजेरियम विल्ट, जड़ सड़न जैसे रोग देखने को मिले। वहीं मसूर में रोगों को रोकने के लिए आवश्यक फफूद नाशक की सलाह दी। जिसमें थिओफिनेट मिथाइल 3 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी में डालकर स्प्रे करने की करने की सलाह दी। गेहूं मे थियोमेथैक्सोम और लेम्बडासाइ हेलोथ्रियन का कॉन्बिनेशन ढाई सौ एमएल प्रति हेक्टेयर छिड़काव की सलाह दी। जड़ माहू में थायोमेथॉक्सम 250 ग्राम प्रति हेक्टर के हिसाब से स्प्रे करने की सलाह दी। साथ ही जिन खेतों में पोषक तत्व प्रबंधन की समस्या देखी। वहां पर सूक्ष्म पोषक तत्वों को यूरिया के साथ सिंचाई के साथ देने की सलाह दी गई। इस दौरान टीम ने करीब आधा दर्जन किसानों के खेतों का भ्रमण किया। जिसमें शैलेंद्र चौहान, अभय सिंघई, कोमल कुशवाहा, शिशुपाल सिंह यादव एवं धनवाई के खेत का भ्रमण भी वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियो की टीम के द्वारा किया गया। फसलों में आ रही अन्य समस्याओं एवं कृषकों की जिज्ञासा का समाधान किया।

### रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**अशोकनगर।** वनमण्डलाधिकारी प्रतिभा अहिरवार के निर्देशानुसार वन विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसके चलते अशोकनगर में वनमण्डल कार्यालय प्रांगण में स्थित एडूसेट सेन्टर में रक्तदान शिविर वन अमले ने हिस्सा लेकर कुल 9 यूनिट रक्तदान किया गया। तो वहीं वन परिक्षेत्र चन्देरी में वन अमले द्वारा रक्तदान शिविर में 5 यूनिट रक्तनदान किया गया।

# एकता ही हमें मजबूत करेगी : देवमुरारी बापू

**छापर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में बोले**

**धर्माचार्य ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन का महत्व**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** एकता ही हमको मजबूत करेगी और यहीं एकता भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए अग्रसर करेगी, इसके लिए हर घर से एक हिंदू सनातन धर्म एवं भारत माता की रक्षा के लिए समर्पित करना होगा। यह बात सघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर ग्राम छापर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए देवमुरारी बापू ने कहीं। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों से उच्च नीच का भेदभाव खत्म करने की अपील की।




दरअसल शनिवार को सकल हिन्दू समाज द्वारा ग्राम छापर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू उपस्थित रहे। तो वहीं मंच पर मदन गिरी, शंकर गिरी, आरएसएस के लखन शिवहरे, वीरेंद्र सिंह रघुवंशी, रविंद्र रघुवंशी, खंडकायवाहक रामकृष्ण रघुवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। जिन्होंने हिन्दू सम्मेलन के महत्व और इसकी एकता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान जहां विभिन्न वक्ताओं ने हिन्दूओ को एकत्रित रहने की बात कहीं। तो वहीं आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये, जिसमें सुदंरकांड पाठ से लेकर भंडारे का आयोजन कियसा गया।

# हिन्दू सम्मेलन के लिए निकली कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

**अशोक नगर।** सकल हिंदू समाज गायत्री बस्ती द्वारा शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा दुबे जी के बाडा सिद्धेश्वर हनुमान जी के मंदिर से प्रारंभ होकर अस्पताल चौराहा तायडे कॉलोनी रोड बाईपास शनि मंदिर पछाड़ी खेड़ा रोड से होते हुए सिद्धेश्वर हनुमान जी मंदिर दुबे जी के बाडा पर पहुंची। आज दुबे जी के बाडा प्रांगण पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें संतो के प्रवचन के साथ भंडारे का आयोजन होगा। गायत्री बस्ती के सभी हिंदू परिवार सादर आमंत्रित है। कलश यात्रा के दौरान दिलीप रघुवंशी, बबलू यादव, डॉ हरवीर रघुवंशी, योगेंद्र रघुवंशी, सतीश रघुवंशी मनु दुबे सहित महिला पुरुष उपस्थित थे।




### संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**शाढ़ौरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर विगत दिवस शाढ़ौरा खंड के चक्क मंडल में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में एक विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों हिंदू धर्मावलंबियों ने सहभागिता कर सामाजिक समरसता और सनातन धर्म को संगठित करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक व धर्माचार्य देव मुरारी बापू एवं दिलीप रघुवंशी,सह कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अशोकनगर उपस्थित रहे। मंच पर सभी समाजों प्रतिनिधित्व रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन एवं गौ माता पूजन के साथ हुआ। इसके बाद सरस्वती वंदना का गायन बालिकाओं के द्वारा किया गया। इसके पश्चात आयोजित सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए।

**बैठक**

**शिवपुरी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर के लिए समाजसेवी संस्थाओं की बैठक आयोजित, मरीजों को ले जाने पर की चर्चा**

# मरीजों की सेवा के लिए पूर्ण मनोयोग के साथ संस्थाएं आगे आएं

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मरीजों की सेवा के लिए पूर्ण मनोयोग के साथ सामाजिक संस्थाएं आगे आएं। विभिन्न बीमारियों से ग्रसित जिले के चिन्हित मरीजों को उचित इलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु रोटरी क्लब के तत्वाधान में मेडीकल कॉलेज शिवपुरी में 17 से 24 मार्च तक आयोजित होने वाले वृहद स्वास्थ्य शिविर में पहुंचाया जा सके यह बात कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन की सामाजिक संस्थाओं के साथ आयोजित बैठक में व्यक्त कहीं।




बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सामाजिक सरोकार के कार्य में जिले की सभी सामाजिक संस्थाएं एवं संगठन हमेशा तत्परता के साथ आगे आकर सहयोग करते हैं। इस पुनीत कार्य में भी सभी का सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री की मंशानुरूप स्वास्थ्य शिविर को सार्थक बनाएंगे। जिले में मरीजों का चिन्हांकन जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्क्रीनिंग केम्पों का आयोजन कर किया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा निर्धारित फार्मेट में पंजियों का संधारण किया जाएगा। साथ ही जिला मेडीकल कॉलेज शिवपुरी में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले मेगा स्वास्थ्य शिविर में जिले से अधिक से अधिक मरीजों की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी। मेगा स्वास्थ्य शिविर के प्रसार- प्रसार हेतु जिला पंचायत के माध्यम से ग्राम पंचायतों में बैनर, पोस्टर लगवाए जाएंगे।

इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा जनता के प्रति सेवा भावना की पहल को सार्थक करने हेतु मेगा स्वातस्य् । शिविर का आयोजित जिला शिवपुरी में 17 मार्च 2026 से कराया जाएगा। पीडित मानवता की सेवा ही ईश्व र की सेवा है। इस मेगा शिविर में मरीजों के इलाज की सारी सुविधाएं रहेंगी। इस पुण्य कार्य में हम सभी आगे आकर गरीब, असहाय लोगों की मदद करेंगे। जिले से मरीजों को भेजने की पूरी व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि केंसर, किडनी, लीवर जैसी घातक बीमारियों से पीड़ित मरीजों का आगे भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मेगा स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन हेतु पूर्ण मनोयोग के साथ सहयोग करने हेतु आश्वस्त किया।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि मानव सेवा ही नारायण की सेवा है। यह एक सेवा का अच्छा अवसर है। जिसके माध्यम से हम मरीजों की सेवा कर सकते है। उन्होंने कहा कि जिले से अधिक से अधिक मरीजों को मेगा स्वास्थ्य शिविर में आने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों का लाभ दिलाने हेतु सभी सार्थक प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि इस मेगा शिविर में बडी-बडी जटिल बीमारियों के चिकित्सक उपस्थित होकर मरीजों का नि:शुल्क इलाज करेगें। मरीजों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सभी के सहयोग से कराई जायेगी।

बैठक में रोटरी मेडिकल मिशन के सचिव प्रदीप पाराशर द्वारा रोटरी मेडिकल मिशन की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने शिवपुरी में आयोजित होने वाले मेगा स्वास्थ्य शिविर की विस्तृंत जानकारी से अवगत कराया। साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों से सुझाव लिये गये। आभार प्रदर्शन कोषाध्याक्ष उदय चतुर्वेदी द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डीएन सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।



# कड़ाके की ठंड में पूर्व विधायक जज्जी ने किया कंबल वितरण

**तार वाले बालाजी मंदिर पहुंचे विधायक**

**पुजारी जी के हाथों से कराया वितरण**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शीतलहर और कड़ाके की ठंड के बीच मानवता का परिचय देते हुए पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने श्री तारवाले बालाजी सरकार के चरणों मे गर्म कंबल भेंट कर पुजारी जी के साथ मंदिर प्रांगण में खुले आसमान के नीचे रह रहे बुजुर्ग एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित । कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और संतोष दिखाई दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में जरूरतमंदों की सहायता करना ही सच्ची सेवा और मानवता का प्रतीक है। कड़ाके की ठंड में गर्म कपड़ों का वितरण कर जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना हमारा दायित्व है।